# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 27 जुलाई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार:-

- लोकसभा में लोक परीक्षा-अनुचित साधन निवारण संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया गया। विपक्ष के हंगामे के कारण विधेयक पर चर्चा नहीं हो सकी।
- केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोक परीक्षा विधेयक पर चर्चा में बाधा डालने के लिए विपक्ष की आलोचना की।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नरवाना उपमंडल के गांव उझाना के विकास के लिए लगभग डेढ़ करोड़ रुपए देने और स्कूल में विज्ञान संकाय शुरू करवाने की घोषणा की।
- हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कुसलीपुर क्षेत्र में लगभग 5 करोड़ 19 लाख रुपए की विभिन्न जनहितकारी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया।
- मौसम विभाग ने पंजाब हरियाणा और चंडीगढ़ में कल और परसों बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

---

लोकसभा में आज लोक परीक्षा-अनुचित साधन निवारण संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया गया। इस विधेयक में लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 में संशोधन का प्रावधान किया गया है। विधेयक का उद्देश्य सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं पर और अधिक प्रभावी रोक लगाना और परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता को और मजबूत बनाना है।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि पहले स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही फिर शुरू होने पर कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने यह विधेयक सदन में प्रस्तुत किया। विधेयक पेश किए जाने के दौरान विपक्षी सदस्यों ने नीट मुद्दे पर छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित पुलिस कार्रवाई पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया।

इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि परीक्षा सुधार की दिशा में यह विधेयक पहला महत्वपूर्ण कदम है और इस पर व्यापक चर्चा होनी चाहिए।

उन्होंने सदस्यों से सहयोग और सार्थक चर्चा की अपील की। किन्तु हंगामा जारी रहने पर सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोक परीक्षा विधेयक पर चर्चा में बाधा डालने के लिए विपक्ष की आलोचना की है।

*देश में जो एग्जामिनेशन होने का जो प्रक्रिया आज तक हमने देखा है। उसको मजबूती से जो रिफॉर्म्स लाया है। इस पर चर्चा होना यह सबसे प्राथमिकता होना चाहिए। मुद्दे को भड़काने के लिए और मुझे चेंज करने के लिए कोई कोशिश ना करें इस वक्त स्टूडेंट का वेलफेयर स्टूडेंट का फ्यूचर और स्टूडेंट का इंटरेस्ट यह हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए।*

------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज नरवाना उपमंडल के गांव उझाना के विकास के लिए एक करोड़ 51 लाख रुपए देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री आज गाँव उझाना में श्री श्री 1008 सिद्ध बाबा खाक नाथ जी महाराज के नवनिर्मित समाधि स्थल पर आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग के अनुरूप गांव में सड़क निर्माण, कुंड तालाब का जीर्णोद्धार, पानी निकासी का स्थाई समाधान तथा गांव के स्कूल में विज्ञान संकाय शुरू करवाने की घोषणा की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि संत-महापुरुषों का जीवन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत होता है। उनके आदर्श मानवता, सेवा, समरसता और राष्ट्र

निर्माण का संदेश देते हैं। वर्तमान पीढ़ी को उनके जीवन मूल्यों से जोड़ना समय की आवश्यकता है ।

मुख्यमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। उन्होंने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा और विभिन्न मठों के महंत मौजूद रहे।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के खेल एवं कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल शहर के कुसलीपुर क्षेत्र में लगभग 5 करोड़ 19 लाख रुपए की लागत से निर्मित की जाने वाली विभिन्न जनहितकारी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया।
खेल राज्य मंत्री ने बताया कि इन परियोजनाओं के अंतर्गत क्षेत्र में सड़क एवं नाली निर्माण, बीपीएल कॉलोनी के आसपास आधारभूत सुविधाओं का विकास, विभिन्न गलियों तथा अन्य पिछड़ा वर्ग सामुदायिक केंद्र का निर्माण कराया जाएगा।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा विधान सभा सचिवालय में आज केंद्र सरकार की राष्ट्रीय भाषा प्रौद्योगिकी पहल भाषिणी के उपयोग एवं एआई आधारित इंटरप्रेटेशन, ट्रांसक्रिप्शन, अनुवाद तकनीकों पर एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रकाशन, अनुवाद तथा नेवा शाखा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भाषिणी प्लेटफॉर्म की विभिन्न सेवाओं तथा उनके व्यावहारिक उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि हरियाणा विधान सभा में क्षमता संवर्धन एक सतत प्रक्रिया है और

यह कार्यशाला उसी निरंतर प्रयास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत-2047' के संकल्प के अनुरूप उभरती हुई डिजिटल एवं तकनीकी नवाचारों को अपनाना समय की आवश्यकता है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

मौसम विभाग के चंडीगढ़ केंद्र ने पंजाब हरियाणा और चंडीगढ़ में कल और परसों के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट और आज व 30 जुलाई से 2 अगस्त तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।हरियाणा और चंडीगढ़ में कल और परसों ज़्यादातर जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है जबकि 30 से 31 तारीख तक कई जगहों पर  और आज कुछ जगहों पर बारिश हो सकती है। विभाग के अनुसार हरियाणा में आज से 2 अगस्त के बीच कुछ जगहों पर भारी और भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है।

इस दौरान कुछ जगहों पर आंधी-तूफान चलने, बिजली गिरने व 40-50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से  तेज़ हवाएं चलने की संभावना जताई गई है।

----------------------------------------------------------------------------------------------------------

फरीदाबाद के मेवला महाराजपुर स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस स्वास्थ्य केंद्र मे मरीजों को ओपीडी, आईपीडी, स्त्री एवं प्रसूति रोग , सर्जरी, ऑर्थोपेडिक सहित अनेक विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अलावा मरीजों को 24 घंटे, सातों दिन  लेबर रूम की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।केंद्र की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मीनाक्षी ने बताया कि अस्पताल को अब मॉडल अस्पताल के रूप में भी चयनित किया गया है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

अमरीका और ईरान द्वारा सप्ताहांत में सैन्य हमले रोकने के बाद आज वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग छह प्रतिशत की गिरावट देखी गई। ईरान ने संकेत दिया है कि अगर अमरीका सैन्य अभियान रोक देता है तो वह आगे और हमले नहीं करेगा। इसके बाद कीमतों में यह गिरावट आई है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------

-----------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंबाला छावनी स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का नाम बदलकर "आचार्य रघुवीर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय " किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। आचार्य रघुवीर एक प्रख्यात शिक्षाविद, भाषाविद, संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति के महान विद्वान तथा राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रबल समर्थक थे।

शिक्षा मंत्री महीपाल □ांडा ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश के महान शिक्षाविदों एवं राष्ट्र निर्माण के योगदान को सम्मान देने की दिशा में यह निर्णय लेते हुए वर्तमान नीति में आवश्यक छूट देने के निर्देश दिए हैं।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------

---------------